कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–3, लो०नि०वि०, प्रयागराज

पत्रांक 3018/Noc/20 दिनांक : 23.12.20

सेवा में,

Chief Operations Manager,
Indian Oil Corporation Limited,
B.K. Pipleline, Subedarganj,
Allahabad-211002

विषय : Unnao-Gorakhpur Pipeline Project :- Request to granting permission for laying of 16"/12.75" ODx0.25 WT (AP15Lx46) MS Pipeline Along with OFC across SH/MDR/ODR/village roads under your kind jurisdiction.

संदर्भ : इस कार्यालय का पत्रांक–320/1सी/2020 दिनांक 29.01.2020, पत्रांक–321/1सी/2020 दिनांक 29.01.2020 एवं आपका पत्रांक–IHB/LKO/PWD/CD-3_Prayagraj दिनांक 23.09.2020

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में आपके द्वारा डी०डी० नं० 506054, रू0 9,18,840.00 एवं डी०डी० नं० 506057 रू0 4,19,120.00 दिनांक 22.09.2020 आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक, लखनऊ से निर्गत ड्राफ्ट दिनांक 12.10.2020 को इस कार्यालय में प्राप्त हुआ। अतः 16''/10'' व्यास की स्टील गैस पाइप डालने हेतु रोड कटिंग की अनुमति निम्न शर्तों के साथ प्रदान की जाती है :–

1. पाइप डालने हेतु खोदी गयी लेपित सतह को पाइप डालने के बाद मिट्टी से अच्छी प्रकार से भरकर कुटाई कर दी जाय।
2. रोड कटिंग की चौड़ाई अधिकतम 1.25 मीटर रखी जाए।
3. रोड कटिंग करते समय, सुरक्षा व्यवस्था का उचित प्रबन्ध, कार्यदायी संस्था द्वारा स्वयं के खर्चे पर अवश्य ही किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। किसी भी प्रकार की दुर्घटना का पूर्ण उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था का होगा, लो०नि०वि० का कदापि नहीं होगा।
4. रोड कटिंग करते समय यातायात प्रभावित नहीं होना चाहिए।
5. प्रदान की गयी अनुमति अन्तरणीय नहीं होगी।
6. भविष्य में मार्ग पर किसी प्रकार का चौड़ीकरण प्रस्तावित हुआ तो, कम्पनी के द्वारा स्वयं के खर्चे पर गैस पाइप लाइन को हटवाना पड़ेगा।
7. गैस पाइप लाइन डालने का कार्य इस पत्र के निर्गमन से दो वर्ष के अन्दर पूर्ण करा लिया जाय तथा इनके पश्चात अनुमति स्वतः समाप्त हो जायेगी।
8. प्रस्तावित कार्य करते समय कार्यस्थल पर अनुमति पत्र सदैव उपस्थित रखा जाए, ताकि उच्चाधिकारियों के भ्रमण के समय दिखाया जा सके।
9. कार्य प्रारम्भ करते समय व पूर्ण होने के पश्चात विभाग को अवश्य सूचित किया जाये।

उपरोक्त बिन्दुओं का पालन न करने की दशा में अनापत्ति प्रमाण–पत्र स्वतः निरस्त हो जायेगा।

(अजय गोयल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–3, लो०नि०वि०, प्रयागराज

पत्रांक दिनांक :

प्रतिलिपि : सहायक अभियन्ता–द्वितीय/चतुर्थ, नि०खं०–3, लो०नि०वि०, प्रयागराज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : अवर अभियन्ता (प्रा०), नि०खं०–3, लो०नि०वि०, प्रयागराज को रिकार्ड हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–3, लो०नि०वि०, प्रयागराज